## सार-समाचार

### शिकायत निराकरण समिति की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। कृषि आयुक्तालय राजस्थान जयपुर की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत तहसील स्तर कृषकों, बैंकों, संबंधित विभागों व बीमा कम्पनी की शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के लिए गठित तहसील स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवलमल रेगर की अध्यक्षता में मंगलवार को उपखण्ड कार्यालय सभागार आहोर में आयोजित हुई। बैठक में तहसील आहोर से संबंधित प्राप्त दो प्रकरणों के निराकरण के लिए समिति सदस्यों को तहसील प्रभारी कृषि अधिकारी एवं सदस्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद सामोता द्वारा प्रावधानों की जानकारी दी गई। प्राप्त प्रकरणों के सम्बन्ध में कम्पनी के जिला प्रभारी द्वारा अवगत करवाया गया कि प्राप्त प्रकरणों की वस्तुस्थिति भिजवाने के लिए प्रकरण कम्पनी के राज्य स्तर पर भिजवाया गया है । जहां से वस्तुस्थिति प्राप्त होने ही तहसील स्तरीय समिति को प्रस्तुत कर दिया जायेगा जिस पर समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने असंतोष व्यक्त करते हुए कम्पनी प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र प्रकरणों की वस्तुस्थिति से समिति को अवगत करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में समिति के सदस्य एवं नामित कृषक प्रतिनिधि ईश्वरसिंह एवं अमरसिंह उपस्थित रहे। कृषक बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर पर कॉल करके अपनी पॉलिसी नम्बर बताकर पॉलिसी का वर्तमान स्थिति का पता कर सकते हैं। कृषक यह विशेष ध्यान रखें कि इस नम्बर पर कोई व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी आदि नहीं पूछे जाते हैं।

### खेल सामग्री के लिए राशि की घोषणा

**जालोर**, (कासं)। स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन जालोर के खिलाडियों के लिए खेलकूद सामग्री के लिए भामाशाह नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने 21000 रुपए देने की घोषणा की। स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के मुख्य प्रशिक्षक पुष्पेंद्र के परमार ने बताया कि दो दिवसीय क्रीड़ा भारती द्वारा बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन करर्यक्रम की अध्यक्ष अर्चना प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडीजी जालोर व मुख्य अतिथि भामाशाह नरेंद्र सिंह राजपुरोहित थे उन्होंने उद्घोष भाषण में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन केंद्र के खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु खेल सामग्री के लिए 21000 रुपये देने की घोषणा की एवं सभी खिलाडियों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर क्रीडा भारती के सचिन भागीरथ गर्ग, ए यू बनो चैंपियन के समन्वयक कन्हैयालाल मिश्रा, कुश्ती कोच मिश्रीमल सुथार, दिनेश पालीवाल, विजय सोलंकी ,प्रवीण कुमार ,अरुण कुमार , मंगल सिंह बालोत, शैलेश लोधी, यश परमार, श्रवण कुमार, विजयपाल यश परमार अनन्या परमार , ध्रुव परमार उपस्थित रहे।

### आश्रित परिवार को सहयोग मिला

**गुड़ामालानी**, (कासं)। राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा गुड़ामालानी ने दुर्घटना बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एक मृतक के आश्रित को आर्थिक सहायता व संबल राशी के रूप में 22 लाख का चेक दिया गया। गुड़ामालानी के उदाणियों का वास निवासी का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया की मृतक मनोहर लाल का राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा गुड़ामालानी में खाता था । जिसमें एस बी आई दुर्घटना बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की पालिसी करवा रखी थी । जिसके तहत मृतक के पिता हरि सिंह को 22 लाख का चेक दिया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया की बैंक समय समय पर किसानो और ग्राहकों को हर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करती है। सरकार की योजनाए हर किसान गरीब परिवार तक पंहुचा रहे है। हरि सिंह ने बैंक प्रबंधक सहित उनकी टीम का आभार जताया। इस दौरान बैंक अधिकारी अरविन्द, केशियर चंद्रशेखर स्वामी, सहायक वजाराम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर जारी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर द्वारा आयोजित निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण में खिलाड़ी क्रिकेट के गुर सीख रहे हैं। खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह-शाम के सेशन में 50 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि 1 मई से प्रारंभ किए गए निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक खिलाड़ी बैटिंग, बॉलिंग व क्षेत्ररक्षण के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम कर रहे हैं। क्रिकेट शिविर के प्रभारी कृष्ण गोपाल सोनी व सह प्रभारी ललित शर्मा है। प्रशिक्षक विजय वैष्णव, नरपत चौधरी, विनर शर्मा व पुष्पेंद्र बोहरा द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सेशन सुबह 7 बजे से 8:30 बजे और शाम को 5:00 से 7:00 बजे तक जारी रहता है। 31 मई तक क्रिकेट शिविर में प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्वच्छ पेयजल, अल्पाहार दिया जाता है। समापन पर टी-शर्ट व प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

### जालोर में मॉक ड्रिल आज, तैयारी की

**जालोर**, (कासं)। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में 7 मई को जालोर में नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्व अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जायेगा। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिविल डिफेंस, अग्निशमन सहित नागरिक सुरक्षा सेवाओं की रेस्पोंस टाइम, ब्लैकआउट उपायों के क्रियान्वयन का आंकलन तथा आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया जायेगा। बुधवार को होने वाली नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्व अभ्यास (मॉक ड्रिल) के तहत ब्लैक आउट उपायों का अभ्यास किया जायेगा जिसके तहत सायरन सुनाई देने पर जिला मुख्यालय एवं सभी प्रमुख कस्बों व ग्राम स्तर पर नागरिकों द्वारा घर की सभी लाइटें बंद कर ब्लैक आउट ड्रिल का अभ्यास किया जायेगा।

### जैन संघ यात्रा 16 को रवाना होगी

**सायला**, (निसं)। श्री जय अम्बे जैन भक्त मंडल दियावट बैंगलोर के तत्वावधान में सायला से अम्बाजी धाम के लिए सत्रहवीं अखण्ड जैन संघ पैदल यात्रा 16 सितम्बर को रवाना होगी। आयोजन समिति के सुमेरमल कागरेचा ने बताया कि पैदल यात्रा 16 सितम्बर, मंगलवार को सायला स्थित अम्बे माता मन्दिर से प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहुर्त में रवाना होगी। जो बाकरारोड, नून, रामसीन, जीरावला, दतानी तीर्थ, आबूरोड होते हुए 22 सितम्बर, सोमवार को अम्बाजी धाम गुजरात पहुंचेगी। जहां संघ द्वारा अम्बाजी धाम में 11 मीटर की ध्वजा चढ़ाई जाएगी। पैदल यात्रा संघ का लाभ संघवी मातुश्री मिश्रीदेवी देवीचंद लुंकड परिवार दासपां ने लिया है। इच्छुक श्रद्धालु 15 मई तक अपना नाम आयोजन समिति के सदस्यों से सम्पर्क कर लिखवा सकते हैं।

### जिला टास्क फॉर्स की बैठक 9 को

**पाली**, (नि.सं.)। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में 9 मई को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भागीरथ ने बताया कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स बैठक शुक्रवार को आयोजित होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के डिस्ट्रीक एक्शन प्लान पर चर्चा, जिला स्तर पर बालिका कार्नर, बेबी फीडिंग रूम स्थापित, वृक्षारोपण कार्यक्रम, महावारी स्वच्छता प्रबंधन एवं गुड टच बेड टच पर कार्यशाला, किशोरी एवं मेधावी बालिकाओं के शैक्षिणक भ्रमण, पीसीपीएनडीटी पर कार्यशालाओं का आयोजन एवं अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### दो दिन जलापूर्ति रहेगी बाधित

**बालोतरा**,(नि.सं.)। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता गणेश कुमार वर्मा ने बताया कि 4 मई की रात्रि में आये तेज आंधी-तूफान के कारण अजासर पम्प हाउस पर स्थापित ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पोकरण फलसूण्ड बालोतरा, सिवाना परियोजना से पानी बन्द होने के कारण बालोतरा शहर सहित समस्त ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल वितरण आगामी दो दिवस तक बाधित रहेगी। उन्होंने आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील कर कहा कि विभाग का सहयोग करें। साथ ही जल का मितव्ययता के साथ उपयोग करें।

### अटल जन सेवा शिविर 8 को

**पाली**, (नि.सं.)। उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 8 मई को प्रातः 10 बजे पंचायत समिति पाली में आयोजित की जाएगी। उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत ने बताया कि मई माह के द्वितीय गुरूवार को आयोजित होने वाली उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर गुरूवार, 8 मई को प्रातः 10 बजे पंचायत समिति पाली में आयोजित की जाएगी।

# आसाणा ग्राम में रास्ते के लिए ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला तहसील के आसाणा ग्राम के मालियो के वाडी में वर्षों पुराने आम रास्ते को अवरुद्ध किए जाने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। इस रास्ते पर पच्चास परिवार के लोगो का आना जाना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता उनकी रोजमर्रा की जरूरतों और आवागमन का मुख्य साधन रहा है, लेकिन अब कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा इसे जबरन बंद कर दिया गया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में 'रास्ता खोलो अभियान' शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में आमजन के अवरुद्ध रास्तों को पुनः चालू कराना है। परंतु आश्चर्यजनक रूप से यह अभियान सायला क्षेत्र में अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता बंद होने से बच्चों, वृद्धजनों और बीमार व्यक्तियों को विशेष रूप से कठिनाई हो रही है। यह मार्ग खेतों, स्कूलों और नजदीकी गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र है। अब इसके बाधित होने से उन्हें समय, संसाधन और श्रम की हानि हो रही है।



सायला के पास आसाणा ग्राम में रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

आक्रोशित ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। अब तक प्रशासन की ओर से इस विषय में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शीघ्र ही 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत कार्रवाई होगी और अवरोध हटा दिया जाएगा।

इस रास्ते को पिछले दिनों सायला प्रशासन ने रास्ता खुलवा कर पीडित परिवार का न्याय दिलाया था लेकिन पिछले दो दिनों से धानसा निवासी अमराराम माली, जबरराम, गोपाराम , तलाराम पुत्र छतराराम जाति माली ने जमीन खरीद कर आम रास्ता पर पक्का निर्माण करने लगा। पुलिस का सूचना देने पर निमार्ण कार्य रूकवाया गया।

पीड़ित जबराराम माली ने बताया कि पिछले कई सालों से रास्ता है तथा इस रास्ते से चालीस से पचास परिवारो के लोग इस रास्ते से गुजरते हैं। धानसा निवासी अमराम माली, तलाराम, गोपाराम सहित अन्य ने जमीन खरीद कर आम रास्ते को बंद करने के लिए पत्थर डाल हैं।

# जुगाली करने वाले पशुओं को अत्यधिक मात्रा में नहीं खिलाएं : बुनकर

**पाली**, (नि.सं.)। आमजन की जिंदगी से जुड़े पशु दो प्रकार के होते हैं। एक जुगाली करने वाले पशु जिन्हें रूमन्थ भी कहते हैं दूसरे जुगाली नहीं करने वाले पशु। रूमन्थ पशुओं के पेट के चार भाग होते हैं, जिनको क्रमशः रूमन, रेटीकुलम, एबोमैजम एवम् ओमेजम कहते हैं। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग पाली डॉ ओ पी बुनकर ने बताया कि रूमन पेट का प्रथम भाग होता है, जिसमें पशु चरने के समय चारा एकत्रित कर लेता है फिर समय समय पर जुगाली कर बारीक पीस कर पाचन योग्य बनाकर रूमन में वापिस ले लेता है। जुगाली पश्चात महीन पीसा हुआ चारा ,जब रूमन् में पहुंचता है तो वहां उपस्थित सुक्ष्म जीवाणु किण्वन क्रिया कर कम गुणवत्ता वाले चारे सेअधिक पौष्टिकता प्रदान करने वाले पदार्थों का निर्माण करते है जो कि मनुष्य के पाचन प्रक्रिया की तरह ऊर्जा प्रदान करते हैं। जब कभी रूमन्थ पशु को अधिक मात्रा में अनाज, आटा एवम् मीठा खिलाया जाता है तो रूमन में उपस्थित सुक्ष्म जीवाणु अवायवीय माध्यम में किण्वन प्रक्रिया द्वारा अधिक मात्रा में लैक्टिक एसिड और पानी बनता है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया बहुत तेज होती है। इस दौरान अधिक मात्रा में गैस का उत्पादन भी होता है।अधिक मात्रा में गैस बनने से पेट फूल जाता है। उन्होंने बताया कि पशु को अफारा जाता है। पेट फूलने की सीमा से अधिक मात्रा में गैस बनने से श्वसन का संचालन करने वाले डायाफ्राम पर दबाव पड़ता है। पशु बैचौन हो जाता है, जिससे उसकी गति रुक जाती है और पशु का श्वास बिल्कुल बंद होने से उपचार के अभाव पशु की मृत्यु हो जाती है।

उन्होंने बताया कि इसके शुरुवाती लक्ष्ण पशु के आफरा आना, पैर पटकना,बार बार बोलना, गोबर करना अन्त में मृत्यु। बतौर सावधानी यह है कि जुगाली करने वाले पशुओं को अत्यधिक मात्रा में अनाज, आटा , गुड़ और चीनी आदि नहीं खिलाना चाहिए।उन्होंने बताया कि कम मात्रा में पशु आहार,अनाज, मीठा आदि देने पर पशु स्वस्थ और निरोगी रहता है। दुधारू होने पर अधिक दूध देता है।

# पी.एम. विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी

**जालोर**, (कासं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जालोर की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जीनगर बस्ती जालोर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना में आवेदकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों/ट्रेनिंग सेंटर्स में ट्रेनिंग दी जाएगी तथा 5-7 दिन की बेसिक ट्रेनिंग पूरी करने के बाद आवेदकों को प्रतिदिन 500 रू. का ट्रेनिंग स्टाइपेंड आधार से लिंक अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से जमा किया जायेगा तथा योजना के तहत ट्रेनिंग लेने वाले लाभार्थियों को औद्योगिक उपकरण टूलकिट खरीदने के लिए 15 हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। बेसिक ट्रेनिंग के उपरांत 5 प्रतिशत की दर से लाभार्थियों को पहले चरण में 1 लाख रू. का ऋण दिया जायेगा तथा प्रथम चरण में ली गई राशि का भुगतान करने वाले लाभार्थियों को द्वितीय चरण में 2 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा बैंकों द्वारा वितरित ऋण पर लाभांवितों द्वारा भुगतान किए गए ब्याज पर 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान का पुनर्भुगतान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने बढ़ई, लोहार, सुनार, मूर्तिकार, कुम्हार, मोची, नाई, धोबी, ताला बनाने वाला, अस्त्रकार, पत्थर तोड़ने वाला, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाडू बनाने वाला आदि 18 प्रकार के व्यापार व कामगार शामिल है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदक नजदीकी जन सेवा केन्द्र (सीएससी) से आवेदन किए जा सकते हैं।

# सब जूनियर वूशु में जालोर ने 14 पदक जीते



जालोर की आराध्या सुंदेशा को राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान वूशु संघ जालोर के तत्वावधान में 2 से 5 मई तक बीकानेर में 19 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता में जालोर के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य के नेतृत्व में जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक व 2 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाकर सम्पूर्ण राजस्थान में चौथ स्थान हासिल की। इसके साथ ही जालोर की आराध्या सुंदेशा को उनके दमदार खेल प्रर्दशन के कारण बालिका वर्ग में प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया। सचिव मिश्रा ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि मयंक भादरु, रुद्राक्ष, काव्या गुप्ता, आराध्या सुंदेशा व वैष्णवी सिंह ने स्वर्ण पदक, कर्तव्य गुप्ता, सिद्धार्थ गौड,भानुप्रताप सिंह, प्रिंस जादम, मित्तल कुमारी,आलिया अली व सोनाक्षी सोलंकी ने रजत पदक तथा जयश्री भादरु व सोनाक्षी शर्मा ने कांस्य पदक अर्जित कर जिले को गौरव प्रदान किया। इन सभी खिलाड़ियों ने टीम कोच देवेश आर्य व प्रितम सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में ये उपलब्धि हासिल की है। खिलाडियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वूशु कोच राजेश कुमार टेलर, जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी,संचालक प्रशांत सिंह, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर, जिला सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य,जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष महेन्द्र मुनोत, जिला तीरंदाजी संघ के सचिव वरुण शर्मा, पॉवर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, वूशु निर्णायक ललित कुमार, अंबिका प्रसाद तिवारी, छगन आर्य, जगदीश आर्य, मोहनलाल आर्य, गणपतलाल आर्य, छगन नाथ, ओमप्रकाश खंडेलवाल, भुराराम आर्य, सुरेश कुमार सांखला, जितेन्द्र परिहार, अक्षयपाल सिंह राठौड सहित जिले भर के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की।

## प्रशिक्षण आज

**बालोतरा**,(नि.सं.)। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 7 मई, दोपहर 12.30 बजे ज्योतिया फूले स्टेडियम, जसोल फांटा बालोतरा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने आदेश जारी कर कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के समस्त होमगार्डस्, नागरिक सुरक्षा सदस्य, शारीरिक शिक्षक एवं अग्निशमन अधिकारी एवं कार्मिक नगर परिषद व चिकित्सा प्रशिक्षण दल मय आवश्यक चिकित्सा उपकरण, मेडिकल किट, एम्बूलेंस के निर्धारित समय से पूर्व दोपहर 12 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। समादेष्टा गृह रक्षा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, बाड़मेर एवं उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, बाड़मेर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# जिनकुशल दादावाड़ी में वार्षिक ध्वजारोहण किया



पाली में रामलीला मैदान स्थित श्री जिनकुशल दादावाड़ी जैन श्वेताम्बर मोपायत महाजनान बगेची में वार्षिक ध्वजा का कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। रामलीला मैदान स्थित श्री जिनकुशल दादावाड़ी जैन श्वेताम्बर मोपायत महाजनान बगेची में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वैशाख सूद सप्तमी 4 मई को दादागुरु श्री जिनकुशल सूरीश्वर महाराज की बड़ी पूजा के साथ धूमधाम से शुभ महूर्त में वार्षिक ध्वजा चढ़ाई गई।

बगेची व्यस्थापक विनोद कुमार फडिया ने बताया कि इसका लाभ इंदरचंद रोशनलाल बोहरा परिवार ने लिया। सुनील कुमार फड़िया, ललित मालू के सुमधुर स्वरों में " ध्वजा का है दिन दादा आज थाने आनो है.... मेरे सर पर रख दो दादा, मेरी झोपडी में आना गुरुवर......, " आदि भजनों को सुन कर उपस्तिथ भक्तगण मंत्रमुक्त हो उठे। नारायण सिंह एंड पार्टी ने मेरी झोपडी में आना गुरुवर......., " आदि भजनों से भक्ति में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर जैन समाज के सज्जनराज कटारीय, पूर्णशा वीनूसा भंशाली, चैन राज लोढा, दिवीक डागा, दिलीप भंडारी, ललिता, शांति देवी, पुष्पा, किरण देवी आदि अनेक श्रद्धालु श्रावक श्राविकाएं भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पूजा के पश्चात आरती, मंगल दीपक कर सभी का तिलक लगा कर बहुमान किया गया और प्रभावना की गई।

## पाली में कांग्रेस की बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजीज दर्द की अध्यक्षता में आज 6 को प्रातः 10 बजे संविधान बचाओ रैली एवं जातीय जनगणना को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। समन्यवक करणसिंह उचियारड़ा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव के मुख्य आतिथ्य में बैठक में आगामी दिनों में विधानसभा वार रैलियों को लेकर एवं जातीय जनगणना के संबंध में चर्चा हुई।

सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, विधायक भीमराज भाटी, खुशवीर सिंह जोजावर, शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, भुराराम सिरवी ने भी संबोधित किया। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता रफीक चौहान ने बताया कि इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, विधायक भीमराज भाटी, विधानसभा प्रत्याशी मारवाड़ जंक्शन खुशवीर सिंह जोजावर, सुमेरपुर हरिशंकर मेवाड़ा, पीसीसी महासचिव शिशुपालसिंह राजपुरोहित, पीसीसी सचिव भुराराम सिरवी, शोभा सोलंकी, डिंपल राठौड़, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, खेतसिंह मेड़तिया, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, पाली ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी सिंह राजपुरोहित, बाली ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह शिवतलाव, देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौहान, रानी ब्लॉक अध्यक्ष मोहन आचार्य, मारवाड़ जंक्शन ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तंवर आदि मौजूद रहे।

# पंचायतीराज उप चुनाव के लिए प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी लगाए

**जालोर**, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि उप चुनाव 26 मई को करवाये जाने है, जिसे सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न अनुभागों का गठन किया जाकर प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी को समन्वय एवं नियंत्रण अनुभाग का प्रभारी बनाया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को चुनाव नियुक्ति एवं प्रशिक्षण अनुभाग का प्रभारी अधिकारी, अति. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मोहनलाल परिहार व राउमावि तीखी के उप प्राचार्य कैलाश माली को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। चुनाव यातायात अनुभाग में उपखण्ड मजिस्ट्रेट जालोर को प्रभारी अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी जालोर व कलेक्ट्रेट पुल शाखा के अरशाद हुसैन को सहायक प्रभारी बनाया। कम्प्यूटर अनुभाग में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा को प्रभारी अधिकारी व अध्यापक जयेश कुमार नियुक्त किया गया है।

जालोर उपखण्ड मजिस्ट्रेट को सामान्य व्यवस्था अनुभाग प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार को सहायक प्रभारी अधिकारी व चुनाव सांख्यिकी अनुभाग में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित को प्रभारी अधिकारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी किशनसिंह को सहायक प्रभारी बनाया गया है। चुनाव स्टोर/पीओएल अनुभाग में जिला रसद अधिकारी को प्रभारी अधिकारी एवं एसीबीईओ-द्वितीय रमेश कुमार खोरवाल व डाइट में पुस्तकालयाध्यक्ष मीठालाल को सहायक प्रभारी नियुक्त किया। मतपत्र अनुभाग में कोषाधिकारी जालोर को प्रभारी अधिकारी व कोषाधिकारी कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी प्रथम पीराराम को सहायक प्रभारी तथा चुनाव लेखा अनुभाग में कोषाधिकारी जालोर को प्रभारी अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विकास के सहायक लेखाधिकारी-। मीठालाल, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी-। सोमेश वशिष्ठ व समग्र शिक्षा के सहायक लेखाधिकारी-।। नरेन्द्र कुमार को सहायक प्रभारी बनाया। ईवीएम अनुभाग में जिला रसद अधिकारी को प्रभारी अधिकारी व राउमावि आहोर के वरिष्ठ अध्यापक सुनिल व्यास को सहायक प्रभारी तथा चिकित्सा अनुभाग में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया है। नियुक्त प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारी नियमों के अनुरूप पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## सुरक्षा अभ्यास आज

**पाली**, (नि.सं.)। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में 7 मई को पाली जिले में भी नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्व अभ्यास आयोजन किया जायेगा। कलैक्टर एलएन मंत्री ने वीसी के बात मीडिया से बात करते हुये कहा कि आमजन से अपील की कि वे स्वैच्छिक जागरूक रहकर ब्लैकआउट के समय में अपना सहयोग दें।

## प्रतिभाएं तीन बेटियों को साइकिलें दी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। मंगलवार को बाड़मेर स्थित केयर्न वेदांता के फंड से संचालित केयर्न उद्यिमता केंद्र में हुए कार्यक्रम में बाड़मेर जैसलमेर बालोतरा सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने शिरकत की। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की अनुशंसा पर शनिवार को गिड़ा पंचायत समिति के खोखसर गांव निवासी क्षेत्र की होनहार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए फंड से करीब 10 लाख रुपए की धापू, पुष्पा, संगीता को साइकिलें वितरित की।


**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head Office : Near Haridav Joshi Circle , Jalore (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Bank Website :- www.jalorebank .com Phone No. 91-9079806434

क्रमांक/जानासबैंकलि/1364 दिनांक :06.05.2025

**बैंक के सदस्यों (शेयर होल्डर्स) का ग्रुप जनता दुर्घटना बीमा करने हेतु निविदा सूचना**

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के सदस्य (शेयर होल्डर्स) की कुल संख्या 19258 के लगभग है , सदस्यों की ग्रुप जनता दुर्घटना बीमा पॉलीसी दिनांक 21.06.2025 की मध्यरात्रि को डयु हो रही है एवं नवीनीकरण करवाया जाना है । उक्त पोलिसी Continuity Plan के तहत की जाएगी , जिसमे समय - समय पर नये सदस्यों (शेयर होल्डर्स) को जोडा जा सकेगा । अतः सदस्यों की ग्रुप जनता व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी के नवीनीकरण हेतु प्रति सदस्य बीमा राशि रु 50,000/- एवं रु 100000/- की बीमा प्रिमियम दर समस्त कवरेज सहित, निविदा दिनांक 21-05-2025 को सांय 4.00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे टेण्डर बाक्स में डालना सुनिश्चित करें ।

परमानन्द भट्ट
मुख्यकार्यकारी अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)**
( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )
Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/997 दिनांक : 02/05/2025

**॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥**

श्री रमेश कुमार पुत्र स्व. श्री किशोर कुमार, जाति राजपुरोहित, निवासी रायथल, तहसील आहोर जिला जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त भुखण्ड जालोर के आबादी भुमि के पुराने खसरा सं 2154 बनाम शान्तिनगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जालोर में मेरा एक भुखण्ड आया हुआ है जिसका पट्टा सं. - 119/82 , दिनांक 11.02.1985 को श्री किशोर पुत्र श्री विजयराज पुरोहित के नाम से कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (कृ. भू. रुपा) जालोर द्वारा जारी किया गया है श्री किशोर कुमार एंव श्रीमती प्यारीदेवी का स्वर्गवास हो चुका है । तत्पश्चात उनकी सुपुत्री श्रीमती मधु कान्ता पत्नी नारायणसिंह (पुत्री किशोरसिंहजी) द्वारा हकतर्क दिनांक 19.05.2016 श्री रमेश कुमार पुत्र श्री स्व. श्री किशोर कुमार हकतर्क किया गया । प्रार्थी ने अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है । उक्त आवासीय प्लॉट का क्षेत्रफल 2200 वर्गफीट एवं पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है ।

उत्तर :- आम रास्ता, यह भुजा 55 फीट है ।
दक्षिण :- वजारामजी माली का मकान, यह भुजा 55 फीट है ।
पूर्व :- देवेन्द्र सुन्देशा का खरीदसुदा प्लॉट , यह भुजा 40 फीट है ।
पश्चिम :- आम रास्ता, यह भुजा 40 फीट है ।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा। **अवगत रहें।**

**आयुक्त, नगर परिषद, जालोर**